# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 79 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 5 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## जोधपुर में बोले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा , जनता को राहत, दोषियों को दंड से कोई नहीं बचा पाएगा'

**भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगवानी के लिए जोधपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने जीएसटी, अतिवृष्टि, पेपर लीक और धर्म परिवर्तन जैसे मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को राहत पहुंचाने और दोषियों को सजा दिलाने में सरकार किसी भी हाल में पीछे नहीं हटेगी। जीएसटी को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं में छूट देकर राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस बार अच्छी बारिश हुई है, जिससे किसान और आमजन को बड़ी राहत मिली है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शर्मा ने कहा कि वह हमेशा वोट बैंक की राजनीति में उलझी रही है और सस्ती लोकप्रियता के पीछे भागती है। यही कारण है कि देश की जनता ने कांग्रेस को लगातार नकारा है।

अतिवृष्टि को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार पूरी गंभीरता से हालात का जायजा ले रही है। सभी प्रभारी मंत्रियों, विधायकों और कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रभावित जिलों में प्रवास कर राहत कार्यों का आकलन करें। उन्होंने बताया कि जिलों को अग्रिम राशि भी मुहैया करवाई जा चुकी है।

पेपर लीक मामले में सीएम ने कहा कि पिछली सरकार की लापरवाही के दुष्कर्म सबके सामने हैं। हमने 15 दिसंबर को शपथ ली और 16 दिसंबर को एसआईटी गठित कर दी। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा मगरमच्छ धीरे-धीरे सामने आ रहे हैंज। पूर्ववर्ती शासन पर परोक्ष निशाना साधते हुए बोले कि पुलिस उनके विश्वासपात्र पीएसओ तक पहुंच चुकी है, अब देखना यह है कि इसके पीछे और कौन-कौन शामिल हैं।

धर्म परिवर्तन के सवाल पर मुख्यमंत्री ने संक्षेप में कहा देखते जाइए, आगे-आगे होता है क्या।उन्होंने दृढ़ स्वर में कहा कि चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, गलत काम करने वालों का चेहरा बेनकाब किया जाएगा और उन्हें उनके अपराध की सजा मिलेगी।

एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद एवं प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी और शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

## बस का इंतजार कर रही बुजुर्ग महिला से ठगी, सोने का मादलिया लेकर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**



रोडवेज बस स्टैंड पर घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही एक बुजुर्ग महिला से ठग युवक ने बातो में उलझाकर कार आने का झांसा देकर गहने गायब कर लिए । घटना के बाद पीड़िता चिल्लाई और हकीकत लोगों को बताई तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पहुँच मामले की जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी थाने के आरोई गांव निवासी नर्मदा देवी (70) पत्नी माधौलाल पाराशर गुरुवार दोपहर गंगापुर आई थीं। इस दौरान वापस गांव जाते समय वो बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक युवक महिला के पास पहुंचा और बातचीत में उलझाकर बोला कि उसकी कार आने वाली है और वे साथ ही गांव तक चले जाएंगे। बातों ही बातों में युवक ने महिला को विश्वास दिलाया कि रास्ते में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, इसलिए गले में पहनी सोने की मादलिया माला बैग में रख लें। महिला उसकी बातों में आ गई और माला उतारकर बैग में रख दी। थोड़ी देर बाद जब देखा तो युवक बैग वहीं छोड़कर गायब हो चुका था।

महिला ने बैग खोलकर देखा तो उसमें से सोने की तीन मादलियों वाली माला गायब थी। ठगी का एहसास होने पर शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है ।

## विद्यालय निरीक्षण में गड़बड़ियां उजागर, मंत्री दिलावर सख्त

### निरीक्षण में शिक्षकों की लापरवाही आई सामने, गुटखा-चिप्स से अटे कक्षा कक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर गुरुवार को अचानक राजधानी के कई सरकारी स्कूलों के निरीक्षण पर पहुंचे, जहां लापरवाही और अनुशासनहीनता के नज़ारे देख वे भड़क उठे। कहीं शिक्षक मोबाइल चलाते मिले तो कहीं प्रिंसिपल और स्टाफ बिना सूचना के ही नदारद पाए गए। कक्षाओं में गुटखा-चिप्स के रेपर, गंदगी और जर्जर व्यवस्थाओं ने मंत्री को नाराज़ कर दिया। उन्होंने जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### मोबाइल से प्रार्थना, अधूरी उपस्थिति

वाटर वर्क्स स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंत्री सुबह 7ः40 बजे पहुंचे। यहां प्रार्थना सभा मोबाइल से कराई जा रही थी और नामांकन 334 होने के बावजूद मात्र डेढ़ सौ छात्र-छात्राएं ही मौजूद थे। व्याख्याता जितेंद्र सिंह बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रार्थना सभा बच्चों से ही कराई जाए और उपस्थिति सुनिश्चित हो।

### कई शिक्षक बगैर सूचना अनुपस्थित

मुरलीपुरा बीड़ स्थित शहीद मेजर योगेश अग्रवाल विद्यालय में तो प्रधानाचार्य रचना दूदवाल सहित कई शिक्षक बिना अवकाश सूचना के अनुपस्थित मिले। मूवमेंट रजिस्टर तक नहीं था और सफाई व्यवस्था बदहाल थी। मंत्री ने डीईओ को प्रधानाचार्य पर सख्त कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने को कहा।

### बच्चों को नहीं पता प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का नाम

द्वारकापुरी, शास्त्री नगर विद्यालय के निरीक्षण में भी मंत्री चौंक गए। यहां प्रधानाचार्य सीमा विज अनुपस्थित थी। कक्षाओं में शिक्षक मोबाइल पर व्यस्त मिले और बच्चों को सामान्य ज्ञान तक नहीं था। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री तक का नाम छात्र-छात्राएं नहीं बता पाए। मंत्री ने संबंधित अध्यापक जवाद अली और प्रधानाचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।



### बदहाल व्यवस्थाएं

कक्षाओं में गुटखे-चिप्स के रेपर, दीवारों पर पान-गुटखे की पीक, खुले सेफ्टी टैंक और टूटा फर्नीचर देखकर मंत्री नाराज़ हुए। बालिकाओं की अनुपस्थिति और साफ-सफाई की दुर्दशा पर उन्होंने जिम्मेदारों को कड़ी चेतावनी दी।

### निरीक्षण के दौरान ये रहे उपस्थित

निरीक्षण में शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता और जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय सुनील सिंघल भी मौजूद रहे।

## मांडल में 38 किलो से अधिक डोडा-चूरा जब्त, दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**



थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने पर कार्रवाई करते हुए 38 किलो 472 ग्राम अफीम डोडा-चूरा, एक पिकअप वाहन जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी विक्रम सेवावत ने बताया कि पुलिस टीम को गुरुवार अल सुबह गश्त पर थी। इस दौरान एनएच-48 की सर्विस रोड पर जोगणिया होटल के पास एक संदिग्ध पिकअप खड़ी मिली। जिसमे सवार वाहन चालक और उसका साथी पुलिस को देख भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पुलिस ने पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर पिकअप से तीन कट्टों में भरा कुल 38 किलो 472 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर आरोपियों आत्माराम (39) और मोनू सिंह (20), निवासी रामपुराफूल, भटिंडा (पंजाब) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच रायला थानाधिकारी को सौंपी गई है।

## दो जिलो का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर**



थाना पुलिस ने मादक तस्करी में लंबे समय से फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जिला राजसमंद और भीलवाड़ा पुलिस द्वारा 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस ने बताया की बीती 28 जनवरी को पुलिस ने गश्त के दौरान सांवरिया नाथ पुत्र डाउ नाथ योगी, निवासी आसण करेडा के कब्जे से 9.745 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। जिसमे एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में तस्करी में शामिल सह अभियुक्त भीमा उर्फ भीमराज पुत्र घीसा कुमावत, निवासी डांग का खेड़ा करेडा घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

## बिजोलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई , 34 लाख की अफीम डोडा चूरा की खेप पकड़ी, एक तस्कर गिरफ्तार , साथी फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



थाना पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार रात अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा की बड़ी खेप जब्त की। कार्रवाई में पुलिस ने 226 किलो 935 ग्राम डोडा चूरा, 5 लाख रुपये नकद और तस्करी में प्रयुक्त लग्जरी एक्सयूवी कार बरामद की। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 34 लाख रुपये आंकी गई है।

मांडलगढ़ थानाधिकारी शंकर और एएसआई नरेश सुखवाल ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चम्पापुर-निमड़ीकुआं मार्ग से तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर एक्सयूवी वाहन को रुकवाया गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। इस दौरान एक आरोपी गुरजीत सिंह (32) पुत्र जसपाल सिंह निवासी पटियाला (पंजाब) को दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी जसकरण सिंह निवासी हरियाणा भागने में सफल हो गया।

वाहन की तलाशी में 20 कट्टों में भरा कुल 226 किलो 935 ग्राम अफीम डोडा चूरा, 5 लाख रुपये नकद और कार जब्त की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की स्नेह सरिता बैठक व पिकनिक आयोजित




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की स्नेह सरिता श्रृंखलाबद्ध बैठक व पिकनिक किंग्स आइलैंड वाटर पार्क, बिजयनगर में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अर्थमंत्री राजकुमार काल्या रहे तथा अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा कोगटा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, स्वागत गीत पिंकी शारडा व गायत्री गगड़ ने प्रस्तुत किया। संचालन श्रीमती दिव्या काल्या ने किया। बैठक में संगठन की गतिविधियों, भविष्य की योजनाओं व आगामी अधिवेशन पर जानकारी साझा की गई। सभी जिलों-तहसीलों से आई बहनों ने वाटर पार्क में खेल, मस्ती व नृत्य का आनंद लिया। गुलाबपुरा संगठन द्वारा नंद उत्सव भी हुआ, जिसमें विभिन्न बहनों ने प्रस्तुतियां दीं। अंत में प्रदेश सचिव डॉ. सुशीला असावा व नगर सचिव श्रीमती सरोज गगड़ ने सभी का आभार जताया।

## उप जिला प्रमुख गुर्जर व कोटड़ी प्रधान ने किया आकोला पुलिया का निरीक्षण




**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**जसवंत पारीक** । आकोला बनास नदी पर क्षतिग्रस्त हुई पुरानी पुलिया को लेकर क्षेत्रवासियों की बढ़ती चिंता के बीच गुरुवार को उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर और कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिया का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गौरतलब है की नदी में पानी की अच्छी आवक होने से पुलिया की दीवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़लियास थाना पुलिस और विभागीय टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिया के दोनों ओर मिट्टी डालकर अस्थायी रूप से मार्ग को सुरक्षित किया है ।

## आज जहाज़पुर आएंगे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, स्वस्ति धाम में करेंगे दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाज़पुर**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को जहाज़पुर प्रवास पर रहेंगे। बिरला के आगमन को लेकर क्षेत्र में सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं ।

जानकारी के अनुसार, बिरला अशोक नगर (मध्यप्रदेश) से हेलीकॉप्टर के द्वारा दोपहर 1ः05 बजे जहाज़पुर स्थित स्वस्ति धाम हेलीपेड पर पहुंचेगे । इसके बाद दोपहर 1:15 बजे वे स्वस्ति धाम मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। लगभग एक घंटे प्रवास के बाद , वे दोपहर 2:30 बजे स्वस्ति धाम हेलीपेड से कोटा एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

इस अवसर को लेकर स्वस्ति धाम प्रबंधन समिति एवं प्रशासन ने हेलीपेड और मंदिर परिसर में सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं।

## बारिश व आंधी से टीन शेड गिरा, बिजली पोल व कई पेड़ धराशायी



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

ग्राम पंचायत मुख्यालय बाकरा में गुरुवार को सुबह से लेकर शाम तक झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। दोपहर बाद अचानक आई तेज आंधी से गांव में पेड़ उखड़ गए और कई बिजली के पोल गिर गए। इससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि ग्रामवासी मुकेश मीना के मकान पर लगा टीन शेड आंधी की चपेट में आकर टूटकर गिर गया, जिससे घर में नुकसान हुआ।

# 69वीं जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का कास्यां में शुभारंभ






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

69वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को पी.एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कास्यां में हुआ। उद्घाटन सत्र में विधायक प्रतिनिधि के जगदीशचन्द्र खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा ने की।

खंडेलवाल ने कहा कि खेलों के माध्यम से भी हम देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में बंजारा ने खिलाड़ियों से निरंतर प्रयास करते रहने का आह्वान किया और वेटलिफ्टिंग में देश का पहला ओलंपिक पदक जीतने वाली कर्णम मल्लेश्वरी से प्रेरणा लेने की बात कही। भाजपा नेता संजय धाकड़ ने भी संबोधित किया।

प्रधानाचार्य प्रभूदयाल ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 51 टीमों का पंजीयन हुआ है, जिनमें 17 वर्ष वर्ग में 26 और 19 वर्ष वर्ग में 25 टीमें शामिल हैं। इन टीमों के 104 खिलाड़ी विभिन्न केटेगरी में दमखम दिखाएंगे। शिक्षा विभाग ने शिवलाल जाट को मुख्य तकनीकी सलाहकार, जगदीश माली को चयनकर्ता और नारायणलाल धाकड़ को विभागीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

समारोह में दयाशंकर जोशी, जगदीश पुरी, वेदप्रकाश तिवारी, अनिल खटीक, विनोद शर्मा, गोपाल अहीर, विजयपाल बंजारा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश सोनी ने किया।

# गेगा का खेड़ा में लक्ष्मीनाथ का विशाल फूलडोल, भोर तक गूंजती रही भजन संध्या






**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)**। गेगा का खेड़ा गांव में भगवान लक्ष्मीनाथ का विशाल फूलडोल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह शुभ मुहूर्त में भगवान का अभिषेक हुआ, इसके बाद दोपहर में बनास नदी में जलझूलन करवा शोभायात्रा निकाली गई। शाम को आकोला मार्ग स्थित फूलडोल पांडाल में आयोजन संपन्न हुआ, जहां देर रात तक भजन संध्या में भक्तगण भावविभोर होकर झूमते नजर आए। भजन संध्या की शुरुआत भजन गायक मानाराम लांबिया ने गणपति वंदना से की। इसके बाद पुरन गुर्जर ने लक्ष्मीनाथ भगवान की महिमा सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी। झालावाड़ से आई भजन गायिका अलका शर्मा ने मोहन आओ तो सही और मेरी झोंपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। संत प्रकाश दास महाराज ने मेरा भोला है भंडारी, सांवरा आओ तो सही और भक्ति-देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इसी दौरान नृत्यांगना आरोही, सोनू सैनी, लक्की और राजू चौधरी ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया। भोर तक भजनों की सरिता बहती रही और श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए।

समारोह में मांडलगढ़ विधायक प्रतिनिधि मुकेश खंडेलवाल, पुलिस उपअधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह राणावत सहित आसपास के गांवों आकोला, गेता, पारोली, कुड़ी, जीवा खेड़ा, चांदगढ़, खजीना आदि से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी गई 32 टन राहत सामग्री

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए भीलवाड़ा से गुरुवार को 32 टन राहत सामग्री से भरे दो ट्रक रवाना किए गए। गुरुद्वारा साहिब सिंधुनगर परिसर से सांसद दामोदर अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को पंजाब के लिए रवाना किया। गुरुद्वारा सभा सचिव ऋषिपाल सिंह ने बताया कि बाढ़ से पंजाब के कई गांवों में भारी जान-माल का नुकसान हुआ है और फसलें चौपट हो गई हैं। इस स्थिति में पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए पिछले तीन दिनों से गुरुद्वारा साहिब व सर्व समाज के सहयोग से राहत सामग्री एकत्र की गई। गुरुद्वारा सभा के गुरप्रीत सिंह ने बताया कि राहत सामग्री के साथ संगत के कुछ सदस्य भी पंजाब जा रहे हैं, जो प्रभावित इलाकों में जरूरत का जायजा लेकर आगे सहयोग सुनिश्चित करेंगे।



## QUICK BITES

## तिलोली के यादवेंद्र सिंह चुंडावत ने एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में जीता कास्य पदक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिले के छोटे से गांव तिलोली के निशानेबाज यादवेंद्र सिंह चुंडावत ने कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करते हुए शॉटगन के जूनियर डबल ट्रैप इवेंट में कास्य पदक जीतकर भीलवाड़ा और देश का नाम रोशन किया है।

भारत ने इस चैंपियनशिप में पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए कुल 99 पदक जीते। भीलवाड़ा से पहली बार किसी खिलाड़ी ने शॉटगन इवेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर पदक हासिल किया है। यादवेंद्र ने 100 में से 88 अंक बनाकर यह उपलब्धि हासिल की।

उनकी इस सफलता पर परिजन कान सिंह चुंडावत, अधिवक्ता श्याम सिंह चुंडावत, निशानेबाज अमन सोनी सहित ईष्टमित्रों ने बधाई दी। उल्लेखनीय है कि यादवेंद्र इससे पूर्व राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ा चुके हैं।

## मोदी सरकार का जीएसटी सुधार ऐतिहासिक, आमजन को मिलेगी राहत : मेवाड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जीएसटी व्यवस्था में किए गए बदलावों का भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर घोषित जीएसटी सुधार अब साकार हुए हैं, जो मध्यमवर्गीय देशवासियों के हित में ऐतिहासिक कदम है।

मेवाड़ा ने कहा कि यह निर्णय कर व्यवस्था को और सरल व पारदर्शी बनाएगा। इससे आमजन, किसानों, एमएसएमई उद्योगों, महिलाओं और युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी। खासकर छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा निवेश और व्यापार को नई दिशा प्राप्त होगी।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष ने संपूर्ण भाजपा जिला संगठन की ओर से पीएम मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की दिशा में मजबूत आधार साबित होंगी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कावा खेड़ा में नानी बाई का मायरा आरंभ, कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



देवनारायण महिला मंडल एवं श्री गौ सेवा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में कावा खेड़ा स्थित श्री देव नारायण मंदिर में तीन दिवसीय नानी बाई के मायरे का आयोजन गुरुवार से शुरू हुआ। कथा वाचक पंडित हरिओम शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

आयोजन के पहले दिन बैंड-बाजों की धुन पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई देवनारायण मंदिर पहुंची, जहां महिला मंडल एवं गौ सेवा मित्र मंडल के सदस्यों ने कथा वाचक पंडित हरिओम शास्त्री का ओढ़णी ओढ़ाकर सम्मान किया।

मंडल सदस्या रमा शर्मा ने बताया कि कथा 6 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस आयोजन में अमन शर्मा, श्री गौ सेवा मित्र मंडल के सदस्य सहित मंजु कुमावत, मंजुला अग्रवाल, अनुराधा खींची, निधि टाक, सरिता टाक और अन्य कई महिला सहयोग दे रही हैं।

# पुलिया निर्माण व सड़क सुविधा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



लसाड़िया पंचायत के मीणा की कोटड़ी गांव के ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण और सड़क सुविधा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है । ग्रामीणों ने बताया कि आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी गांव सीधे तौर पर बचखेड़ा-लसाड़िया मार्ग से नहीं जुड़ पाया है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पुलिया नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों की आवाजाही और आमजन की दैनिक ज़िंदगी प्रभावित होती है।

इस मौके पर राम सिंह मीणा , मिश्रीलाल मीणा, महावीर प्रसाद मीणा, पप्पू सिंह राणावत, तेज सिंह राणावत, गणराज सिंह राणावत, नोरत बैरवा, अनिल कुमार बेरवा, देवीलाल भील, कैलाश चंद्र मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि शीघ्र ही पुलिया निर्माण व सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो सके।

# सिंधी समाज ने एसपी धर्मेंद्र सिंह का किया स्वागत, पुलिस टीम को जताया आभार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सिंधी समाज ने जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह का स्वागत-अभिनंदन कर पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

समाजसेवी विनोद झूरानी ने बताया कि 2 सितंबर को थाना कोतवाली क्षेत्र में गुटखा व्यापारी से 9.90 लाख रुपये की लूट हुई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी धर्मेंद्र सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसपी मुख्यालय पारस जैन, सीओ सिटी मनीष बडगुर्जर और कोतवाल गजेन्द्र सिंह नरूका के नेतृत्व में पांच टीमें गठित कीं। पुलिस ने महज चार घंटे में मुख्य सरगना को सम्पूर्ण लूट राशि के साथ गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश कर दिया।

समाज प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एसपी का अभिनंदन किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया।

अभिनंदन स्वीकार करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस और नागरिकों के आपसी सहयोग से ही शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हो सकता है। इस अवसर पर किशोर सोनी, मनीष सबदानी, किशोर लखवानी, पंकज आडवाणी, किशोर पारदासानी सहित कई समाजजन मौजूद रहे।

# सद्गुणों से युक्त करना एक अच्छे शिक्षक का उत्तरदायित्व- मेहरा

## यूनेस्को द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में 31 श्रेष्ठ शिक्षकों का हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला यूनेस्को एसोसिएशन व भारतीय जैन संगठन द्वारा शिक्षक दिवस पर सुभाषनगर स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अति. जिला कलक्टर ओमप्रकाश मेहरा ने कहा कि राष्ट्र की भावी पीढ़ी को संस्कारित करना और सद्गुणों से युक्त करना शिक्षक का उत्तरदायित्व है। समारोह में 31 शिक्षकों को बेस्ट टीचर अवार्ड देकर मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। इनमें सवाईपुर स्कूल की शिक्षिकाएं पदमा सुखवाल, दीपिका वैष्णव व संजूलता सोमाणी भी शामिल रहीं। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शंकरलाल माली, जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर बाल्दी, प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली, आर.एल. टुकलिया, अनिल कोठारी सहित अनेक अतिथि व समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल छापरवाल व मधु लोढ़ा ने किया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

भारतीय किसान संघ कोटड़ी तहसील कार्यकारिणी ने तहसील अध्यक्ष सम्पत कुमार माली के नेतृत्व में तहसीलदार रामकिशोर मीणा को प्रधानमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने कृषि उपकरणों व आदानों पर जीएसटी खत्म करने, आयात-निर्यात की स्थाई नीति बनाने, किसान सम्मान निधि बढ़ाने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, स्वच्छ जल आपूर्ति, आपदा अनुदान व फसल बीमा क्लेम समय पर दिलाने, गोपालन योजना शुरू करने और सहकारी समितियों पर समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने जैसी मांगें रखीं।

इस अवसर पर तहसील उपाध्यक्ष शैतानलाल गुर्जर, युवा प्रमुख उदयलाल माली सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बिजौलिया नगर पालिका में शव वाहन की मांग, कलेक्टर को लिखा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने नगर पालिका क्षेत्र में मोक्ष वाहिनी शव वाहन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को पत्र लिखा है।

शर्मा ने पत्र में बताया है कि ऐतिहासिक कस्बा बिजौलिया पहले शहर कोट (परकोटे) के अंदर बसा था और उस समय कस्बे की आबादी महज 2 हजार थी। उस दौर में बना श्मशान स्थल भी शहर कोट के पास ही था। मगर समय के साथ कस्बे का विस्तार इंदिरा कॉलोनी, केसरगंज, मालीपुरा, 132 केवी ग्रिड स्टेशन और फिल्टर प्लांट से आगे तक हो चुका है। वर्तमान में बिजौलिया की आबादी लगभग 40 हजार तक पहुंच गई है।




उन्होंने बताया कि इतनी दूरी होने के कारण शव को कंधे पर उठाकर श्मशान तक ले जाना बेहद कठिन और पीड़ादायक होता है। पूर्व में भी इंदिरा कॉलोनी एवं केसरगंज क्षेत्र में श्मशान भूमि आरक्षित करने का आग्रह किया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

शर्मा ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि नगर पालिका में शीघ्र ही एक मोक्ष वाहिनी शव वाहन उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

# नगर पालिका में 14 सितंबर तक प्री-कैंप, 15 सितंबर से शुरू होगा 'शहर चलो अभियान'

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले शहर चलो अभियान के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और राहत देने के लिए नगर पालिका में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक प्री-कैंप शुरू किया गया है।

अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि प्री-कैंप में घर-घर कचरा संग्रहण, साफ-सफाई, टूटे क्रॉस और ब्लैक स्पॉट की मरम्मत, पेचवर्क, सार्वजनिक पार्कों की सफाई, विभिन्न प्रकार के पट्टे (69-ए, कृषि भूमि, भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि), भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी आदि कार्यों हेतु आवेदन लिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त पात्र आवेदक प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना और चल विक्रेता पंजीयन हेतु भी आवेदन कर सकते हैं। कैंप अवधि में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण शहर चलो अभियान की अवधि में ही किया जाएगा।




# आकोला में 69वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज, 46 टीमों के 542 खिलाड़ी ले रहे भाग

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(जसवंत पारीक)।** आकोला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। उद्घाटन सत्र में विधायक प्रतिनिधि मुकेश खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने की। प्रतियोगिता में जिलेभर से आई 46 टीमों के 542 खिलाड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संस्था प्रधान मनीषा पारीक व शारीरिक



शिक्षक फारूक मोहम्मद ने बताया कि प्रतिभागियों की सुविधा के लिए ग्रामवासियों, भामाशाहों और विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ ध्वज चढ़ाकर किया गया। इस मौके पर उपजिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर ने छात्रों को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। प्रधान करण सिंह बेलवा ने खिलाड़ियों से खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया और कहा कि सरकार खिलाड़ियों के लिए हर स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उद्घाटन मैच पांसल और आर्यावर्त इंटरनेशनल स्कूल भीलवाड़ा के बीच खेला गया, जिसमें पांसल की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की।

# पर्यूषण पर्व पर दो श्राविकाओं का दस दिवसीय निर्जल उपवास, जैन समाज ने की तपस्या की अनुमोदना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

पर्यूषण पर्व का आगमन जैन समाज में तप, संयम और साधना का प्रतीक माना जाता है। इसी कड़ी में बिजौलिया की दिगंबर जैन समाज की दो श्राविकाएं मैना पत्नी प्रकाश लुहाड़िया और पिंकी पत्नी सुरेश लुहाड़िया दस दिवसीय निर्जल उपवास की कठिन साधना कर रही हैं।

यह तपस्या जैन परंपरा में अत्यंत कठिन मानी जाती है, जिसमें साधक लगातार दस दिन तक बिना आहार ग्रहण किए धर्म-ध्यान और आत्मचिंतन में लीन रहता है।

सकल दिगंबर जैन समाज बिजौलिया ने दोनों श्राविकाओं की इस साधना की अनुमोदना करते हुए इसे धर्म, संयम और आत्मबल का अद्वितीय उदाहरण बताया।





# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**सांवर वैष्णव ।** भारतीय किसान संघ ग्राम समिति ने गुरुवार को बड़लियास उपतहसील मुख्यालय पर नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा को प्रधानमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल प्रजापत व भंवरलाल जाट के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कृषि सिंचाई, बिजली, फसल बीमा,




आपदा अनुदान, समर्थन मूल्य, राजस्व व सहकारिता सहित कई समस्याओं के समाधान की मांग की गई। साथ ही चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, स्वच्छ जल आपूर्ति, रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करने और अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआवजा दिलाने जैसी मांगें भी शामिल रहीं।

इस अवसर पर संगठन के तहसील मंत्री रमेशनाथ, भंवरलाल सुथार, रामपाल जाट सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में वामन अवतार के दर्शन, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



वामन द्वादशी पर नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में भगवान को वामन अवतार के विशेष श्रृंगार में सजाया गया। छाता और कमंडल धारण किए इस दिव्य रूप ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह से ही भजन-कीर्तन और जयकारों से परिसर गूंजता रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि दिनभर प्रसाद वितरण और दान-पुण्य का आयोजन हुआ, जबकि शाम की आरती में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। यह आयोजन श्रद्धा और भक्ति का अनूठा प्रतीक रहा।

### मांडलगढ़ में 'सास-बहू सम्मेलन', परिवार नियोजन पर दी गई जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत चिकित्सा विभाग ने मांडलगढ़ ब्लॉक में सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया। इसमें योग्य दम्पतियों को परिवार नियोजन साधनों, छोटे परिवार के लाभ और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया।

सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि 1 सितम्बर से 30 नवम्बर तक जिलेभर में 2107 सास-बहू सम्मेलन होंगे। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं और दम्पतियों को गर्भनिरोधक गोलियां, इंजेक्शन, कॉपर-टी व नसबंदी जैसे साधनों की जानकारी दी गई। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

### बीगोद में 14 सितम्बर तक प्री-कैंप, 15 सितम्बर से शुरू होगा शहर चलो अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से नगरपालिका बीगोद में 4 सितम्बर से 14 सितम्बर तक प्री-कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान चलेगा।

नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि प्री-कैंप में वार्डवार आमजन से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इसमें घर-घर कचरा संग्रहण, साफ-सफाई, टूटे क्रॉस व ब्लैक स्पॉट सुधार, सड़क मरम्मत पेचवर्क, सार्वजनिक पार्कों की देखरेख जैसे कार्यों से संबंधित शिकायतें और सुझाव लिए जा रहे हैं।

इसके अलावा पट्टे 69-ए, कृषि भूमि, भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी सहित विभिन्न कार्यों के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। पात्र लोग प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना और चल विक्रेता पंजीयन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

मंगल ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का निस्तारण शहर चलो अभियान के दौरान 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर की अवधि में किया जाएगा। नगरपालिका प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे प्री-कैंप में अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाएं।

### बेरीसाल में जलझूलनी एकादशी पर छप्पन भोग का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



उपखण्ड क्षेत्र के बेरीसाल गांव स्थित श्रीराम मंदिर में जलझूलनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम का पनघट पर स्नान कराया गया। ग्रामीण श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए शोभायात्रा के साथ भगवान को स्नान कराने ले गए।

पर्व के दौरान भगवान श्रीराम के साथ ही ग्रामीणों ने भी सामूहिक स्नान किया। परंपरा के अनुसार, रात्रि में छप्पन भोग का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों महिला-पुरुष और बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।